तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्सजज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
04.08.2023	पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी वकील उपस्थित। विप्रार्थी संख्या 1, 3 व 8 के वकील उपस्थित। उभय पक्ष को सुना एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया। चूंकि विवादित भूमि में दर्ज पक्षकारान की हिस्सा स्थिति से प्रार्थी सहमत है और दोनों पक्षों के मध्य इस संबंध में कोई विवाद नहीं है। प्रार्थी मौजा पादरू के खसरा संख्या 2060/144 रकबा रकबा 4.7511 हैक्टेयर में अपने 1/3 हिस्सा की एवं इसी ग्राम की खसरा संख्या 145 रकबा 8.6926 हैक्टेयर में अपने 350/1611 हिस्सो की भूमि का वाद में विभाजन चाहता है। ऐसी सूरत में हिस्सा स्थिति में विवादहीनता के मद्देनजर राजस्व रिकार्ड की यथास्थिति का स्थगन जारी रखे जाने का कोई औचित्य नहीं है, क्योंकि इसमें विप्रार्थी अपने हिस्से की भूमि के विकास हेतु ऋण आदि प्राप्त करने से वंचित हो जाएंगे। लिहाजा ग्राम पादरू तहसील सिवाना की खसरा संख्या 2060/144 रकबा 4.7511 हैक्टेयर एवं खसरा संख्या 145 रकबा 8.6926 हैक्टेयर के संबंध में रिकार्ड की यथास्थिति का स्थगन निरस्त करते हुए ताफैसला मूल वाद मौके की यथास्थिति बनाये रखने हेतु उभय पक्ष को पाबंद किया जाता है। आदेश सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो। Signature Not Verified Digitally signed by Dinesh Bishnoi Date: 2023.09.08 15:25:05 IST Reason: SelfAttested उपखण्ड मजिस्ट्रेट (S.D.O.) सिवाना	